an>

Title: Issue regarding dorought like situation in Palamu and Behwa district in Jharkhand.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) : माननीय सभापति, झारखंड राज्य के पलामू एवं गढ़वा जिले में अनावृष्टि के कारण सूखे की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मैं पलामू संसदीय क्षेत्र से आता हूं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि जून और जुलाई महीने में 496.4 मिलीमीटर की जगह सिर्फ 105 मिलीमीटर बारिश हुई है। धान, मक्का, दलहन, तिलहन की खेती पर बुरा असर पड़ा है। खेतिहर मजदूरों एवं किसानों की स्थिति दयनीय हो गई है। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं और निवेदन करना चाहता हूं कि वहां के किसानों के लिए, खेती की समस्या एवं सुखाड़ से निपटने के लिए जो भी प्रयास है किया जाना चाहिए।